मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-626
21/12/2023

# मुख्यमंत्री ने सुप्रसिद्ध मैथिली रचनाकार श्री बासुकीनाथ झा को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर अपनी शुभकामनायें दी

पटना, 21 दिसम्बर 2023 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सुप्रसिद्ध मैथिली रचनाकार श्री बासुकीनाथ झा को वर्ष 2023 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अपनी शुभकामनायें दी हैं। समस्तीपुर जिला के निवासी मैथिली साहित्यकार श्री बासुकीनाथ झा को उनके मैथिली निबंध संग्रह ''बोध—संकेतन'' के लिये साहित्य अकादमी पुरस्कार—2023 दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह बिहार के लिये बेहद गौरव की बात है। बिहार के सपूत को मैथिली साहित्य में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलना नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा है कि बिहार से ताल्लुक रखने वाले रचनाकार की इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण बिहारवासियों को गर्व है।

******